हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 27 अप्रैल 2024

04 भारत वर्ष में मां कर्मा का नागरशैली में बनेगा ...



06 पाटीदार समाज का 38 वां सामूहिक विवाह सम्मेलन





## समाचार संक्षेप

### लोकसभा निर्वाचन के लिए मतदान दलों का द्वितीय चरण का प्रशिक्षण प्रारम्भ, 30 अप्रैल तक जारी रहेगा

**गुना।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सतेन्द्र सिंह के निर्देशन एवं नोडल अधिकारी प्रशिक्षण एवं जिला मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रथम कौशिक के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन के लिए मतदानकर्मियों का द्वितीय चरण का प्रशिक्षण शुक्रवार से प्रारंभ हो गया है, जो 28 अप्रैल एवं 30 अप्रैल तक जारी रहेगा। 29 अप्रैल को होने वाला प्रशिक्षण अब 30 अप्रैल को होगा समय व स्थान यथावत रहेगा। संसदीय क्षेत्र 4-गुना के विधानसभा गुना व बमोरी एवं 20-राजगढ़ क्षेत्र अंतर्गत विधानसभा चांचौड़ा व राघौगढ़ के मतदान दलों का प्रशिक्षण शासकीय पीजी महाविद्यालय गुना के 32 कक्षों में विधानसभावार मास्टर ट्रेनर्स द्वारा दिया जा रहा है।

### स्व सहायता समूह की दीदीयों ने रैली निकालकर मतदाताओं को मतदान करने के लिए किया जागरुक




**गुना।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सतेन्द्र सिंह के निर्देशन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गुना प्रथम कौशिक के मार्गदर्शन में स्वीप गतिविधियां जारी हैं। जिले में लोकसभा निर्वाचन के लिए मतदान 7 मई को होना है। लोकसभा निर्वाचन की स्वीप गतिविधियों के क्रम में मप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन गुना अंतर्गत विकासखंड बमोरी के महिला लो टर्नआउट बूथ- ग्राम डिगडोली में स्व सहायता समूह की दीदीयों एवं स्टाफ द्वारा रैली एवं शपथ के माध्यम से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर मतदान शपथ कराई गई एवं 7 मई को मतदान की अपील की गयी। कार्यक्रम में स्व सहायता समूह की दीदीयां, मिशन स्टाफ एवं बूथ अवेयरनेस ग्रुप के सदस्यों द्वारा प्रतिभागिता की गई ।

### पीएमश्री स्कूल कैंट में छात्राओं ने भाषण और चित्रकला के माध्यम से 7 मई को मतदान करने का दिया संदेश

**गुना।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सतेन्द्र सिंह के निर्देशन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गुना प्रथम कौशिक के मार्गदर्शन में स्वीप गतिविधियां जारी हैं। जिले में लोकसभा निर्वाचन के लिए मतदान 7 मई को होना है। इसी क्रम में मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप के तहत पीएमश्री शासकीय कन्या उमावि कैंट गुना में छात्राओं द्वारा मतदान हेतु उत्साहवर्धक भाषण दिये। उनका आशय था कि, जब हम जिंदगी के सारे काम जिम्मेदारी से करते हैं तो वोट देना भी, हमारी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। इसी क्रम में छात्रा महक, अफ्सा, आशिया, सुरक्षा ने अपने विचार व्यक्त किये। वहीं अपने सुंदर-सुंदर चित्रों के माध्यम से मतदान के महत्व को रेखांकित कर रहीं थीं छात्रायें - नीति, प्रियांशी, कामिनी, अनुष्का, राखी, मोनिका, वंदना व अफ्सा।नोडल अधिकारी एस पी नाना व प्राचार्य आरती श्रीवास्तव की उपस्थिति में स्वीप के गोपाल कृष्ण श्रीवास्तव ने कहा कि- मतदान हमारा अधिकार है, तो वोट देना हमारा प्रथम कर्तव्य है। स्वीप टीम के अवधेश अवस्थी, आशीष दुबे, संजय सोनी, अजय श्रीवास्तव व मो. राशिद फारूकी की उपस्थिति में सात मई को सब छोड़ के काम, करने जाना है मतदान, एक-एक मत होता बलवान, बनता इससे गणतंत्र महान व लोकतंत्र की शान बढायें, कोई वोट से छूट न पायें नारे लगाये गये। इस अवसर पर विद्यालय परिवार से शिल्पी मिश्रा, सोनम जैन, चंचल, रजनी, अंजली व रवि, सुरेंद्र सुरेश, विशाल उपस्थित रहे।

# जैन युवक युवती परिचय सम्मेलन का शुभारम्भ आज

## सम्मेलन में विदेश में रहने वाले जैन समाज के युवक-युवतियां भी लेंगे भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

गुना जैन समाज गुना के तत्वाधान में जैन युवा संगठन द्वारा 28वा युवक युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन ऋधभायतन (मसिया जी) बी. जी. रोड पर आयोजित किया जा रहा है। इसके लिये सभी तैयारिया पूर्ण की जा चुकी हैं।

जैन युवा संगठन द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार इस वर्ष गुना जिले के अलावा शिवपुरी, अशोकनगर, ललितपुर, सागर, खुरई, झात्ती, सिरोंज, गजबासोदा के साथ विदेश में रहने वाले युवक युवतियों की भी प्रविष्टिया प्राप्त हुई हैं। दो दिवसीय जैन युवक युवती परिचय सम्मेलन का प्रथम सत्र दिनांक 27 अप्रैल को दोपहर 1.30 बजे से उद्घाटन सत्र एवं प्रथम परिचय सत्र प्रारम्भ होगा जो सायकाल 5.00 बजे तक चलेगा तथा द्वितीय सत्र सायकाल 7 बजे से प्रारम्भ होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री संजय जैन कामिनी, जैन समाज अध्यक्ष गुना एवं विशिष्ट अतिधि एस. के. जैन, अध्यक्ष, पुण्योदय अतिशय क्षेत्र बजरगगढ़ होंगे। दूसरे दिन 28 अप्रैल को प्रथम सत्र दोपहर 12.00 बजे से प्रारम्भ होकर सायंकाल 5.00 बजे तक चलेगा दूसरा सत्र सायकाल 7.00 बजे से प्रारम्भ होगा। सभी सत्रों में युवक युवती मंच के माध्यम से अपना परिचय देगे।जैन युवा संगठन द्वारा आयोजित युवक युवती परिचय सम्मेलन में बाहर से पधारे हुये अतिथियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आवास एवं भोजन व्यवस्था की गई है। साथ ही युवक युवतियों के कुण्डली मिलान की व्यवस्था, फोटोकॉपी की व्यवस्था विशेष तौर से की गई है।



इस बार 1000 से अधिक युवक युवतियों की प्रविष्टिया प्राप्त हुई हैं तथा विदेशी में रहने वाले युवक युवतियों ने भी बढ़ चढ़ कर भाग लिया है। कार्यक्रम के संचालन के लिये संस्कार धानी जबलपुर से प्रशांत जैन की टीम को आमंत्रित किया गया है जिसमें कवि श्री वीरेन्द्र जैन, डॉ. प्रीति जैन एवं परि जैन शामिल हैं। कार्यक्रम में विशेष तौर से एक प्रोत्साहन उपहार की भी व्यवस्था मंच पर परिचय देने वाले युवक युवतियों के लिये की गई है।

जयवीर जैन राजा, अध्यक्ष जैन युवक संगठन, दीपक जैन भदौरा मत्री महावीर जैन, परिचय सम्मेलन अध्यक्ष, अभिजीत गोयल मंत्री, राकेश जैन उपभोक्ता, सम्पादक आशीष जैन पंसारी संयोजक, अजय जैन चौधरी सहसंयोजक परिचय सम्मेलन एवं जैन युवा संगठन के सभी सदस्यों की विशेष भूमिका रही।

## खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा प्रतिष्ठानों की जाँच, नमूना लेने की कार्यवाही जारी

# अतिक्रमण और गंदगी को लेकर तीन खाद्य पदार्थ प्रतिष्ठानों पर जुर्माना ठोंका

**नमूने जांच हेतु संग्रहित कर राज्य खाद्य प्रयोगशाला को भेजे गये**

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्टर डॉ. सतेन्द्र सिंह एवं अपर कलेक्टर अखिलेश जैन के निर्देशानुसार डॉ राजकुमार ऋषिश्वर अभिहित अधिकारी, खाद्य सुरक्षा प्रशासन, जिला गुना के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा खाद्य प्रतिष्ठानों की निरंतर जाँच एवं नमूना कार्यवाही की जा रही है।



इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा फर्म राज स्वीट्स एण्ड पूरी सेन्टर आर्य समाज शॉप जयस्तंभ चौराहा से रिफाइंड सोयाबीन तेल, बूंदी एवं बेसन, महावीर मिष्ठान भण्डार से बूंदी, बेसन के लड्डू, रिफाइंड सोयाबीन तेल एवं बेसन, जैन स्वीट से बूंदी के लड्डू, बेसन, रिफाइंड सोयाबीन तेल, नमकीन, फर्म महाराज डेयरी आसमानी माता मन्दिर के पास, चौधरी मोहल्ला से दूध, मावा, दही एवं रस्क, आरती डेयरी एण्ड मिष्ठान भण्डार से दूध एवं मावा के नमूने जांच हेतु संग्रहित कर राज्य खाद्य प्रयोगशाला को भेजे गये हैं। जांच रिपोर्ट आने पर आगे की वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।

विभागीय अधिकारियों द्वारा दुकानों एवं मिष्ठान संचालकों को अपने-अपने परिसर में साफ-सफाई रखने, ताजा खाद्य सामग्री रखने एवं विक्रय करने संबंधी निर्देश दिये गये हैं। संयुक्त कार्यवाही में नगरपालिका अधिकारियों द्वारा अतिक्रमण एवं गंदगी को लेकर राज स्वीट्स पूरी सेन्टर पर एक हजार रूपये,महावीर मिष्ठान भण्डार एवं जैन स्वीट पर पाँच-पाँच सौ रूपये की चालानी कार्यवाही की गई।

कलेक्टर के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जिले में खाद्य प्रतिष्ठानों की निरंतर जांच एवं नमूना कार्यवाही जारी है।

# क्षमता से ज्यादा भूसा भारी ट्रैक्टर ट्रॉली से पुलिस ने 3500 रुपए जुर्माना वसूला




हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

गुना पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिंहा के दिशा निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में यातायात थाना प्रभारी निरीक्षक अजयप्रताप सिंह कुशवाह एवं उनकी टीम द्वारा शहर में यातायात नियमों का उल्लंघन कर वाहन चला रहे वाहन चालकों पर निरंतर कार्यवाहियां की जा रहीं हैं ।

इसी क्रम में गत दिवस रात्रि में यातायात प्रभारी निरीक्षक अजयप्रताप सिंह कुशवाह को शहर भ्रमण के कैंट चौराहे पर भूसे से ओव्हर लोड एक ट्रैक्टर-ट्रॉली जाते दिखे, जिन्हें हमराह बल के माध्यम से रोका गया और जिसके चालक के ट्रॉली में ओवर लोड व ओवर हाइट भूसा भरकर खतरनाक तरीके से वाहन चलाना पाये जाने पर जिसके विरूद्ध मोटरयान अधिनियम की विभिन्न धाराओं में 3500/-रूपये का जुर्माना अधिरोपित किया गया ।

साथ ही ट्रैक्टर-ट्रॉली चालकों को सख़्त हिदायत दी गई कि इस तरह ट्रेक्टर-ट्रॉली में अत्यधिक मात्रा में भूसा भरकर शहर के अंदर पीक आवर्स में न चलें, यह आपकी स्वयं की और दूसरों की जान को जोखिम में डालने वाला हो सकता है।

क्योंकि इस तरह से परिवहन करते समय पीछे से आने वाले वाहन चालकों को ट्रैक्टर-ट्रॉली के आगे का कुछ भी दिखाई नहीं देता जो कि कभी भी किसी दुर्घटना का कारण बन सकता है । यदि इस तरह का परिवहन करना है तो रात्रि 10 बजे के बाद एवं सुबह 6 बजे के पहले ही किया जावे ।

# अनाज से ओवर लोडेड पांच ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित सवारियां लेकर चल रहे एक लोडिंग वाहन पर यातायात पुलिस की कार्यवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

गुना पुलिस अधीक्षक श्री संजीव कुमार सिंहा के दिशा निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुना मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी निरीक्षक अजयप्रताप सिंह कुशवाह एवं उनकी टीम द्वारा शहर में यातायात नियमों का उल्लंघन कर वाहन चला रहे वाहन चालकों पर निरंतर कार्यवाहियां की जा रहीं हैं । इसी क्रम में आज दिनांक 26 अप्रैल को यातायात पुलिस द्वारा शहर के केंट रोड़ पर 4-5 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को ओव्हर लोडेड लगभग 20-25 टन माल भरकर ले जाते हुए पाया गया । उक्त ट्रैक्टर चालकों को रोक कर पूछताछ की गई तो पता चला कि परिवहन विभाग से बग़ैर अनुमति प्राप्त किए ही ट्रॉलियों को मॉडिफाइड कराया है और जिनमें क्षमता से अधिक माल का परिवहन किया जा रहा है, जो कि जनमानस और अन्य वाहन चालकों की ज़िंदगी को ख़तरे में डालने वाला है । कुछ दिवस पूर्व नानाखेड़ी क्षेत्र में ऊमरी रोड पर सड़क दुर्घटना में ऐसी ही ट्रैक्टर ट्रॉली से एक महिला की मृत्यु हो गई थी, किंतु इसके बाद भी ट्रैक्टर चालक वही कार्य कर रहे हैं । ट्रॉलियों के अलावा एक लोडिंग वाहन, जो काफी संख्या में सवारियों को भरकर ले जाते मिला । उक्त पांचों ट्रैक्टर-ट्रॉलियों और एक लोडिंग गाड़ी सहित कुल 06 वाहनों पर रजिस्ट्रेशन शर्तों का उल्लंघन तथा खतरनाक तरीके से वाहन चलाने संबंधी धाराओं में कुल 17,500/-रूपये का जुर्माना अधिरोपित किया गया । समस्त ट्रैक्टर-ट्रॉली और लोडिंग चालकों को हिदायत दी गई कि ट्रैक्टर और ट्रॉली से ट्रक के जैसे 20-25 टन अनाज का परिवहन नही किया जाए, जिससे स्वयं की और दूसरों की जान का जोखिम रहता है । भविष्य में इस तरह ओव्हर लोड परिवहन करने पर और भी सख़्त कार्यवाही की जावेगी ।



# शहर में अलग-अलग जगहों से दो को अवैध कच्ची शराब के साथ किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

आगामी लोकसभा आम चुनावों को मद्देनजर गुना पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिंहा द्वारा जिले में विभिन्न अवैध अथवा अनैतिक गतिविधियों में संलिप्त माफियाओं पर कार्यवाही हेतु दिये जा रहे निर्देशों के तहत गुना पुलिस द्वारा जिले में विभिन्न अवैध गतिविधियों में संलिप्त अपराधियों पर निरंतर कार्यवाहियां की जा रहीं हैं ।

इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुना मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन एवं सीएसपी गुना शज्योति उमठ के पर्यवेक्षण में गुना कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव एवं उनकी टीम द्वारा बीते रोज आज शहर में अवैध शराब की सूचनाओं पर कार्यवाही करते हुए दो को अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गत दिनांक 25 अप्रैल को दोपहर के समय शहर में कर्नलगंज पुलिया के पास एक व्यक्ति के प्लास्टिक की बडी-बडी दो केनों में अवैध शराब लेकर उसे बेचने के लिये खड़े होने की सूचना पर गुना कोतवाली पुलिस द्वारा तत्परतापूर्वक कार्यवाही की गई और मौके पर घेराबंदी कर उक्त व्यक्ति को दबोच लिया गया, जिसने पूछताछ पर अपना नाम दानिश खांन पुत्र जाकिर खांन उम्र 24 साल निवासी तलैया मौहल्ला गुना का होना बताया एवं जिसके पास मिलीं केनों को चैक करने पर उनमें हाथभट्टी की बनी कुल 60 लीटर अवैध कच्ची शराब भरी हुई पाई गई, जिसे पुलिस द्वारा विधिवत जप्त कर आरोपी दानिश खांन को गिरफ्तार किया गया एवं जिसके विरुद्ध गुना कोतवाली में आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया ।

इसी प्रकार दिनांक 25 अप्रैल की शाम को ही नजूल कॉलोनी में डीएनडी स्कूल के पास से आरोपी गोलू पुत्र अनिल नामदेव उम्र 23 साल निवासी लालाजी का बाड़ा तलैया मौहल्ला गुना को भी हाथभट्टी की बनी 60 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर जिसके विरुद्ध गुना कोतवाली में आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है । गुना कोतवाली पुलिस की इस कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव, सउनि राजीव गौड़, सउनि असगर खांन, प्रधान आरक्षक संतोष सरवैया, प्रधान आरक्षक नवनीत श्रीवास्तव, आरक्षक रामकुमार रघुवंशी एवं आरक्षक मनोज रघुवंशी आदि की विशेष भूमिका रही है ।

## मतदान केन्द्रों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाओं एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का लिया जायजा

# कलेक्टर, एसपी ने चांचौड़ा के मतदान केंद्र व नाके देखे

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सतेन्द्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक संजीव सिन्हा ने लोकसभा संसदीय क्षेत्र 20-राजगढ़ की विधानसभा 30-चांचौड़ा के राजस्थान सीमा के समीपवर्ती दूरस्थ मतदान केन्द्रों एवं एसएसटी नाकों का निरीक्षण किया।

ज्ञात है कि लोकसभा चुनाव के लिए मतदान के तृतीय चरण अंतर्गत जिले में मतदान 7 मई को होना है, इसके लिए निर्वाचन की तैयारियां अपने अंतिम दौर में चल रही हैं। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने मतदान केन्द्रों पर आवश्यक मूलभूत व्यवस्थाओं एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने 121-शास.मा.वि. उमरथाना, 168 शा.प्रा.वि. पीपल्यामोती, 171-शा.प्रा.वि. जूनापानी मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया, साथ ही राजस्थान सीमा के चैक पोस्ट उमरथाना एवं सेमलीभोज का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर द्वारा राजस्थान के चैक पोस्ट महाराजपुर एवं मतदान केन्द्र राजकीय विद्यालय महाराजपुरा का भी निरीक्षण किया एवं मतदान दिवस के दिन की व्यवस्थाएं देखीं। कलेक्टर डॉ. सिंह द्वारा निरीक्षण के दौरान उमरथाना स्कूल, आंगनबांडी एवं पंचायत भवन परिसर की बाउन्ड्रीबॉल की मरम्मत और पुताई के निर्देश दिए गए, इसी प्रकार मतदान केन्द्र के रेम्प को सुधारने तथा किचिन सेट एवं पूर्व पंचायत भवन के दरवाजों को तोड़कर फिर से बनवाने तथा पंचायत भवन पर भवन का नाम बडे.अक्षरों नाम पेंट कराने के निर्देश दिये। ग्राम पंचायत पीपल्यामोती के मतदान केन्द्र का रेम्प दो दिवस में ठीक कराने और लाइट फिटिंग ठीक कराने, मतदान केंद्र परिसर में जीर्ण-शीर्ण अनुयोगी भवनों को गिराकर बाउंड्रीवॉल बनाने के निर्देश दिये। ग्राम पंचायत मेरियाखेड़ी खुर्द के अंतर्गत मतदान केन्द्र जूनापानी शाला भवन की बाउन्ड्रीवॉल के गेट को सही तरीके से लगवाने और नाली ठीक कराने के निर्देश उपस्थित सचिव को दिए गए। आंगनबाड़ी केन्द्र जूनापानी के भवन में पंखे लगाने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक श्री सिन्हा द्वारा एसएसटी नाका उमरथाना, सेमरीभोज पर अब तक की गई कार्यवाही की जानकारी प्राप्त की गई। उन्होंने निर्देशित किया कि वाहनों की चेकिंग सघनता से की जाये साथ ही जब्ती की कार्यवाही बढ़ायी जावे। उन्होंने मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा व्यवस्था करने के निर्देश संबंधित पुलिस अधिकारियों को दिये। निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी पुलिस दिव्या सिंह राजावत, परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र ऋषि शर्मा, सीईओ जनपद चांचौड़ा पुष्पेन्द्र व्यास, सहायक संचालक जनसंपर्क सोनिया परिहार, नायब तहसीलदार चांचौड़ा मोतीलाल पंथी सहित संबंधित बीएलओ, ग्राम पंचायत सचिव, पटवारी एवं संबंधित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।



# भारत वर्ष में मां कर्मा का नागरशैली में बनेगा पहला भव्य मंदिर: साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶आरोन




अखिल भारतीय शक्ति पीठ घुरेल गिदौंरहाट व्याबरा पर भूमि पूजन का आयोजन 24 अप्रैल को संपन्न हुआ जिसमे सर्वप्रथम माँ कर्मा देवी का मुख्य अतिथियों द्वारा माल्यापर्ण कर दीप प्रज्वलित कर आरती की गई , तदुपरांत कार्यक्रम मैं पधारे तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष म.प्र. शासन से केबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त रविकरण साहू मुख्य अतिथि, म.प्र.तैलिक साहू सभा भोपाल के संरक्षक बटन लाल साहू, डॉं हेमराज साहू, रमेश साहू प्रदेश महासचिव, समन्वयक हितेश साहू, अरविंद झूमरवाला भोपाल, विजय कुमार साहू न.प.अध्यक्षराघोगढ़, रघुराज साहू कोषाध्यक्ष गुना विशेष अतिथि का शाल श्री फल साफा बाँधकर समिति द्वारा अतिथियों का सम्मान किया गया ।कार्यक्रम का सफल संचालन समिति के सचिव प्रकाश साहू गुना ने किया ।कर्माधाम के अध्यक्ष रामगोपाल साहू ने स्वागत भाषण दिया एवं मंदिर निर्माण के बारे मैं विस्तार पूर्वक बताया कि भारत वर्ष मैं माँ कर्मा का नागरशैली मैं पहला भव्य मंदिर बनेगा जिसकी साइज 85बाय160 स्क्वायर फीट में बनाया जावेगा व अनुमानित लागत 5 करोड़ रुपये की आवेगी पृथक से हनुमानजी का भव्य मंदिर भी 25 वाई40 वर्ग फुट मैं बनाया जावेगा जिसकी डिजाइन स्टीमेट तैयार करा लिया गया हैं भविष्य मैं यज्ञशाला, गौशाला ,संतनिबास ,आवासीय स्कूल ,खेलमैदान , छात्रा वास वाटरपार्क, पानी की टंकी, गार्डन वृक्षारोपण इंजीनियर की डिजाइन के अनुसार कराया जावेगा ।कर्मा धाम समिति के पास वर्तमान मैं पाँच हेक्टेयर भूमि हैं इस अवसर पर संरक्षक बटनलाल साहू ने समाज की एकता पर विचार रखे और जो भी मंदिर निर्माण मैं सहयोग की जहाँ जरूरत होगी उसमें पूर्ण सहयोग कराया जावेगा डाँ हेमराज साहू ने मंदिर का कार्य इंजीनियर की देख रेख मैं हो प्रदेश समन्वयक हितेश साहू ने मंदिर के साथ साथ आवासीय स्कूल छात्रा वास का प्रस्ताव रखा जो भी भविष्य मैं सहयोग की आवश्यकता होगी हमसब मिलकर पूर्ण करेंगे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रविकरण साहू ने मंदिर भव्य एवं दिव्य गुणवत्ता युक्त बने व भरोसा दिलाया कि मुझ से आप जिस प्रकार का मंदिर निर्माण एवं अन्य कार्य हेतु सहायता चाहते है तो मैं हर संभव प्रयास समाजिक स्त्तर से करुंगा।धाम के कारवाहक अध्यक्ष रामनारायण साहू ने मां कर्मादेवी मंदिर की सर्वाधिक बोली 551111रु मैं प्राप्त कर सभी अतिथियों के समक्ष परिवार सहित भूमि पूजन अपने कर कमलों से की इस अवसर पर लोकेश साहू विनोद साहू हरप्रसाद साहू भोपाल धाम के सूत्रधार संरक्षक अमृतलाल साहू सुठालिया शिवनारायण साहू रमेशसाहू व्याबरा उपाध्यक्ष द्वारका प्रसाद साहू राधेश्याम साहू हरिराम साहू गुना पूनमचंद साहू राजगढ़ कोषाध्यक्ष हरि नारायण साहू अरविंद साहू मनोज साहू नरसिंहगढ़ महेशसाहू राघोगढ़ भंवरलाल गिदौंरहाट आभार महासचिव रामचंद्र साहू ने माना इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या मैं स्वजातीय बंधु उपस्थित रहे ।

## आचार्य विद्यासागर स्कूल में ली मतदान की शपथ



**आरोन।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सतेंद्र सिंह के निर्देशन में निकाय आरोन द्वारा *स्वीप गतिविधि* का दिनांक 26/04/2024 को आयोजन किया गया। जिसके क्रम में नगर आरोन क्षेत्र अंतर्गत *आचार्य विद्यासागर स्कूल* पर *मानव श्रृंखला बनाकर मतदान अवश्य करें शपथ* का आयोजन किया गया। जिसमे प्राचार्य *राजेश जैन* के द्वारा मतदान शपथ दिलाई गई। उक्त स्वीप गतिविधि में मुख्य नगर पालिका अधिकारी, कार्यालय समस्त कर्मचारी, स्कूल समस्त स्टाफ, नगर आरोन के आम नागरिक उपस्थित रहे। साथ ही मुख्य नगर पालिका अधिकारी *श्री दिनेश कुमार सोनी* द्वारा अधिक से अधिक मतदान करने हेतु अपील की गई एवं सभी का आभार व्यक्त किया।

## जेपी यूनिवर्सिटी छात्रों के ग्रुप के द्वारा किया नुक्कड़ नाटक का कार्यक्रम




**राघोगढ़।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 स्वीप गतिविधि अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सतेंद्र सिंह के निर्देशन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रथम कौशिक एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी अनुराग जैन राघोगढ़ के मार्गदर्शन मे नगर पालिका राघौगढ़ के द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने एवं मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप गतिविधियां जारी है। इसी क्रम मे आज राघौगढ़ साडा चौराहे एवं एसबीआई बैंक के पास राघौगढ़ में नागरिकों को शत प्रतिशत मतदान हेतु जागरुक करने के लिए जेपी यूनिवर्सिटी छात्रों के ग्रुप के द्वारा नुक्कड़ नाटक का कार्यक्रम किया गया एवम अनिवार्य मतदान की शपथ दिलाई गई। इस दौरान नायब तहसीलदार रेनू कासलीवाल सहायक यंत्री हरीश श्रीवास्तव अनिल वर्मा आरिफ ख़ान नगर पालिका एवम् जेपी यूनिवर्सिटी से एचआर केपी मिश्रा डा.अमित शर्मा डा.आरिफ खान इंजी.जी.दास ,जगदीश सैनी तथा बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

# सुधा त्रिवेदी ने योग साधकों को मतदान करने दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना



पतंजलि योग समिति की जिला महिला प्रभारी सुधा त्रिवेदी को केंद्रीय पतंजलि योग समिति द्वारा हरिद्वार बुलाकर उनको मध्य प्रदेश का राज्य प्रभारी एवं सीमा शर्मा को गुना जिला प्रभारी बनाए जाने पर शास्त्री पार्क में योग साधकों ने उनका सम्मान किया है । इस अवसर पर सुधा त्रिवेदी ने सभी योग साधकों को अनिवार्य मतदान करने के लिए शपथ दिलाई ।2009 से सुधा त्रिवेदी योग से जुड़ी हैं। सुधा त्रिवेदी द्वारा घर-घर योग पहुंचाने के योगदान को देखते हुए केंद्रीय योग प्रभारी प्रभारी स्वामी रामदेव एवं स्वामी परमार्थ के द्वारा सुधा त्रिवेदी को मध्यप्रदेश राज्य प्रभारी का दर्जा दिया गया है शास्त्री पार्क में पिछले 15 सालों से सतीश शर्मा एवं जगदीश शर्मा योग शिक्षक द्वारा निरंतर योग कक्षा संचालित की जा रही है योग क्लास पतंजलि योग समिति द्वारा निशुल्क संचालित की जाती है । जिसमें कई योग साधकों को निशुल्क योग व्यायाम कराया जाता है इस योग कक्षा में गुना नगर के कई भाई बहन अपनी शारीरिक व्याधियां दूर करके स्वास्थ्य लाभ लेते हैं आज शुक्रवार को योग क्लास में सुधा त्रिवेदी को महिला पतंजलि राज्य प्रभारी बनने पर योग साधकों ने उनका सम्मान किया गया है । इस अवसर पर रमा शर्मा,सुनीता शर्मा,स्वीटी शर्मा,चंदा अग्रवाल, सुनीता गर्ग, सुषमा शर्मा,सिम्मी जग्गी,विजय जैन,अखिलेश जैन के अलावा अन्य योग साधना उपस्थित रहे ।

# 4-गुना व 20-राजगढ़ संसदीय क्षेत्र में 7 मई को होगा मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना

जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार 04-गुना एवं 20-राजगढ़ संसदीय क्षेत्र में 07 मई 2024 को मतदान होगा। जिसमें कुल 1099 मतदान केन्द्रों पर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 04-गुना में विधानसभा निर्वाचन खण्ड 28-बमोरी में मतदान केन्द्रों की संख्या 277 तथा 29-गुना (अ.जा.) में मतदान केंद्रों की संख्या 268 एवं संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 20-राजगढ़ में विधानसभा निर्वाचन खण्ड 30-चांचौड़ा में मतदान केंद्रों की संख्या 282 तथा 31-राघौगढ़ में मतदान केंद्रों की संख्या 272 हैं। इस प्रकार संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 04-गुना एवं 20-राजगढ़ में कुल 1099 मतदान केंद्रों पर मतदाता अपना मताधिकार का उपयोग करेंगे। गुना जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत कुल मतदाता 9 लाख 44 हजार 959 हैं, जिनमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 4 लाख 89 हजार 346 तथा महिला मतदाताओं की संख्या 4 लाख 55 हजार 380 तथा थर्ड जेण्डर 16 शामिल है। इनमें सबसे अधिक मतदाता विधानसभा चांचौड़ा में 2 लाख 39 हजार 450 तथा सबसे कम मतदाता विधानसभा बमोरी में 2 लाख 27 हजार 959 हैं। जिनमें विधानसभा क्षेत्र 28-बमोरी अंतर्गत पुरूष मतदाता 1 लाख 17 हजार 294 तथा महिला मतदाता 1 लाख 10 हजार 639, थर्ड जेण्डर 0 एवं सर्विस वोटर 26 सहित कुल मतदाता 2 लाख 27 हजार 959, विधानसभा क्षेत्र 29-गुना (एससी) अंतर्गत पुरूष मतदाता 1 लाख 22 हजार 826, महिला मतदाता 1 लाख 15 हजार 852, थर्ड जेण्डर 09 एवं सर्विस वोटर 118 सहित कुल मतदाता 2 लाख 38 हजार 805, विधानसभा क्षेत्र 30-चांचौड़ा अंतर्गत पुरूष मतदाता 1 लाख 25 हजार 037, महिला मतदाता 1 लाख 14 हजार 367, थर्ड जेण्डर 04, सर्विस वोटर 42 सहित कुल मतदाता 2 लाख 39 हजार 450 तथा विधानसभा क्षेत्र 31-राघौगढ़ अंतर्गत पुरूष मतदाता 1 लाख 24 हजार 189, महिला मतदाता 1 लाख 14 हजार 522, थर्ड जेण्डर 03, सर्विस वोटर 31 सहित कुल मतदाता 2 लाख 38 हजार 745 मतदाता हैं। जेण्डर रेशो की बात की जाये तो जिले का जेण्डर रेशो 930.59 है, इनमें सबसे अधिक विधानसभा बमोरी में 943.26 तथा सबसे कम 914.67 विधानसभा चांचौड़ा में हैं। विधानसभा क्षेत्र 28-बमोरी अंतर्गत 943.26, विधानसभा क्षेत्र 29-गुना (एससी) अंतर्गत 943.22, विधानसभा क्षेत्र 30-चांचौड़ा अंतर्गत 914.67 तथा विधानसभा क्षेत्र 31-राघौगढ़ अंतर्गत 922.16 है।

# नेशनल में हैंडबॉल टीम ने जीता गोल्ड



**अशोकनगर।** मुंबई (महाराष्ट्र) में आयोजित 17वीं मिनी नेशनल हैंडबॉल प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश टीम शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर जिले का गौरव बढ़ाया है मध्यप्रदेश टीम में अशोकनगर के अमन दांगी ,अभय दांगी, हरमन सिंह,तेजस यादव बालक वर्ग में एवं का चयन किया गया था। वहीं आराध्या सोनी, अंशिका रघुवंशी का चयन बालिका वर्ग में एवं कोच वसीम खान को मध्यप्रदेश टीम का टीम मैनेजर बनाया गया था। जिसमें अशोकनगर के खिलाडियों ने शानदार प्रदर्शन कियाष मुंबई (महाराष्ट्र) में 21 से 24 अप्रैल तक आयोजित 17वीं मिनी नेशनल हैंडबॉल प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश टीम ने फाइनल में मणिपुर को 27-16 से हराकर स्वर्ण पदक जीता, प्रतियोगिता में देश भर की 24 टीमों ने भाग लिया था ,इस उपलब्धि पर अशोकनगर जिला हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष नितिन राठौर, उपाध्यक्ष अशोक सेन, एंटनी जोश, सचिव वसीम खान,सह सचिव बृजेश धुरेंटे, कोषाध्यक्ष महेंद्र रघुवंशी, राजदीप सिंह आदि ने विजेता टीम एवं खिलाड़ियों को बधाइयाँ दीं हैं।

## विधानसभा मुंगावली व चंदेरी की स्वीप सारथियों ने शत प्रतिशत मतदान कराने की ली शपथ




हरिभूमि न्यूज ▶▶अशोकनगर

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुभाष कुमार द्विवेदी के निर्देशानुसार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं स्वीप नोडल अधिकारी डॉ.नेहा जैन के मार्गदर्शन में शत प्रतिशत मतदान कराए जाने के उद्देश्य से जिले के प्रत्येक मतदान केंद्र पर स्वीप सारथी दल का गठन किया गया है। जिसके क्रम में आज शुक्रवार को विधानसभा क्षेत्र मुंगावली एवं चंदेरी के लगभग 98 मतदान केंद्रों से ग्रामीण आजीविका मिशन की स्वीप सारथी स्व सहायता समूह सदस्यो ने अपने मतदान केंद्र पर शत प्रतिशत मतदान करने के उद्देश्य से मतदान दिनांक 07 मई हेतु घर-घर दीवार लेखन,मतदान पर्ची वितरण, पीले चावल देकर मतदाताओं को आमंत्रण करने,मतदान केंद्र की व्यवस्थाओं में सहयोग करने, मतदान दिनांक को मतदान से छूटी समस्त महिलाओं के घर संपर्क कर मतदान कराने का प्रशिक्षण प्राप्त कर शत प्रतिशत मतदान कराने की सामूहिक प्रतिज्ञा ली गई।

# स्कूल के बच्चों ने डमी वोटिंग कैंपन के माध्यम से मतदाताओं को मतदान करने का दिया संदेश




**अशोकनगर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुभाष कुमार द्विवेदी के निर्देशानुसार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं स्वीप नोडल अधिकारी डॉ.नेहा जैन के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए जिले में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में लोकतंत्र के इस महापर्व में लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदाताओं की अधिक से अधिक भागादीरी हेतु शुक्रवार को बचपन स्कूल अशोकनगर के बच्चों द्वारा डमी वोटिंग कैंपेन के माध्यम से 07 मई 2024 को मतदान दिवस पर मतदाताओं को मतदान का संदेश दिया गया। डमी वोटिंग कैंपेन में मतदान दिवस पर मतदान केन्द्र पर होने वाली प्रकिया का प्रदर्शन करते हुए चरणवद्ध तरीके से सुरक्षा व्यवस्था, पहचान पत्र की जांच, वोटर को इंक द्वारा चिन्हित करना तथा अंत में अपने मताधिकार का प्रयोग तक के सभी चरणों को बच्चों ने अच्छी तरह से जाना एवं अपने वोट का उपयोग करना क्यों महत्वपूर्ण है यह भी समझा। कैंपेन के दौरान सभी बच्चों द्वारा अपने परिवार के सभी सदस्यों से आवश्यक रूप से वोट डालने के लिए अनुरोध करेंगे।

## कक्षा 10 में फेल होने वाले छात्र को रेलवे टेक से घर छोड़ा गया




**अशोकनगर।** पार्थ बैरागी उम्र 15 साल दसवीं में फेल हो जाने के कारण पिता द्वारा डांटना से परेशान होकर लड़का पार्थ बैरागी बिना बताए घर से भाग गया था । परिवार द्वारा अपने लड़के के घर से भाग जाने की सूचना थाना देहात पुलिस को दी तो देहात पुलिस द्वारा तत्परता से गुमशुदा बालक की सायबर सेल की सहायता से पतारसी की जो बालक पार्थ सुसाइड करने के उद्देश्य से रेलवे ट्रैक पर खड़ा मिला । थाना देहात पुलिस ने बालक को रेलवे ट्रैक से सकुशल थाने पर ले जाकर समझाइस देकर बालक के परिवार वालों के सुपुर्द किया । बालक के परिवारजनों द्वारा बड़ी ही आत्मीयता से पुलिस का अभिवादन किया गया ।

## अपराधी को प्रति सप्ताह सोमवार व गुरुवार को थाना में देनी होगी हाजिरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶अशोकनगर

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सुभाष कुमार द्विवेदी द्वारा जिले में शांति व्यवस्था एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु अनावेदक सुनील पुत्र भैयालाल जाति लोधी उम्र 27 साल निवासी ग्राम मोहनपुर थाना चंदेरी के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के अंतर्गत 10 प्रकरण दर्ज होने पर 03 माह की कालावधि के लिए अनावेदक को प्रति सप्ताह सोमवार एवं गुरूवार को थाना चंदेरी में हाजिरी देनी होगी। यदि अनावेदक के विरूद्ध चल रहे किसी न्यायालयीन प्रकरण में उसकी उपस्थिति आवश्यक है या उसे विधिवत आहूत किया जावे तो अनावेदक न्यायालय में उपस्थित होने हेतु घर से बाहर जा सकेगा। अनावेदक क्षेत्र में इधर उधर भ्रमण नही करेगा। आवश्यकता होने पर अनावेदक अपने आने जाने की सूचना थाना चंदेरी में देना सुनिश्चित करेगा।

# ललितपुर से बेटी की विदाई कर वापस लौट रही बस चार पलटी खाई, कई घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶अशोकनगर



अशोकनगर से उत्तर प्रदेश के ललितपुर जिला मुख्यालय जो जिले की सीमा से लगा है वहां बेटी की विदा करने गया एक जैन परिवार जब बस से वापस लौट रहा था तभी बस बीच रास्ते में ट्रक को बचाने के चक्कर में पलटी खा गई। जिसमें चार लोगों को जिला अस्पताल अशोकनगर में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है।

शेष लोगों को भी चोटे आई थी वह सभी अपने-अपने स्तर पर अपने घरों की ओर रवाना हो गए। इस घटना में घायल नरेश जैन ने बताया कि वह सभी लोग लड़की को लेकर शादी करने के लिए ललितपुर गए थे सुबह 4 बजे लड़की की विदा करने के बाद जब वापस अशोकनगर लौट रहे थे तभी चंदेरी और ललितपुर के बीच बस अचानक सामने ट्रक आने के कारण पलटी खा गई। यह बस चार पलटी खाकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई उस समय सभी लोग गहरी नींद में थे। ड्राइवर ने सामने से आ रहे ट्रक से बचने के लिए बस को सड़क से नीचे उतार दिया। जिससे हम सब लोगों को चोटे आई हैं। घटना के बाद हम सब लोग ललितपुर वापस इलाज के लिए गए लेकिन वहां कोई इलाज नहीं होने के कारण हम वहां से वापस चले गए जो रिश्तेदार थे वह अपने-अपने घरों को चले गए और हम चार लोग जिला अस्पताल में उपचार के लिए आए हैं जहां हमारा इलाज हो रहा है सभी खतरे से बाहर है।

## प्रशासन की सूझबूझ से बालिका वधू बनने से बची चांदनी, 26 अप्रैल को होना था विवाह



हरिभूमि न्यूज ▶▶अशोकनगर

कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी के आदेशानुसार बाल विवाह रोकथाम हेतु अनुभाग स्तर पर बाल विवाह रोकथाम दल का गठन किया गया है । शुक्रवार को अशोकनगर के बार्ड 15 में नाबालिक बच्ची के बाल विवाह की शिकायत प्राप्त होते ही महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस विभाग, कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन, और विदिशा सोशल वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन अशोकनगर की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर पहुंच कर जांच की, जांच के दौरान बालिका का नाबालिक होना माता-पिता द्वारा स्वीकार किया गया बालिका के माता-पिता द्वारा इस आशय में अपना शपथ पत्र दिया गया की बालिका के बालिग होने पर बालिका का विवाह किया जाएगा। बाल विवाह रोकथाम दल में परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग शहरी कौशलेंद्र मावई जी, पर्यवेक्षक तृप्ति शर्मा जी, सब इंस्पेक्टर मोहित तोमर जी, कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन अशोकनगर जिला समन्वयक विपिन रघुवंशी जी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रीति सोनी, सहायिका रेखा सोनी, की उपस्थिति मैं बाल विवाह कानूनी तौर पर रोका गया।

# आकाश में बादलों का डेरा, देर शाम बूंदाबांदी हुई एक बार फिर जिले का मौसम बदल गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶अशोकनगर



शुक्रवार को पूरे दिन मौसम बरसात के अनुकूल बना रहा इस दौरान शहर के आकाश पर बादलों का डेरा बना रहा। देर शाम बूंदाबांदी भी हुई इसके बाद मौसम ठंडा हो गया है।

अप्रैल के महीने में मौसम बार-बार बदल रहा है ऐसा इस महीने में 3 से 4 बार हो चुका है मौसम की नजाकत बार-बार बदल रही है बदले हुए मौसम के कारण लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे पहले परेशानी किसानों को हो रही है जो अपना माल मंडी के साथ-साथ खरीदी केदो पर बेचे पहुंच रहे हैं उन्हें अपने माल को बचाने के लिए तमाम तरह के प्रबंध करना पड़ रहे है। दूसरी परेशानी गर्मी के मौसम में ठंडी सामग्री बेचने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है आइसक्रीम से लेकर तमाम तरह की सामग्री चाहे वह बर्फ के गोला हो या फिर लस्सी हो गन्ने का जूस हो या फिर तमाम तरह के ठंडे पेय पदार्थ हो उन सब की बिक्री भी प्रभावित हो रही है। यह सब दुकानदार पूरे साल में इन महीना का इंतजार करते हैं लेकिन इस महीने में मौसम बदलने के कारण उनके धंधे पर भी असर पड़ रहा है बात अगर दुकानदारों की करें तो यह उनके भी सीजन का समय पूरे साल में गर्मी के महीने व्यापार के महीने होते हैं इन महीना में मौसम के यह हालत उन्हें भी परेशान कर रहे हैं दुकानदारों को अपना सामान समेटना पड़ रहा है।

सबसे ज्यादा परेशान जो फुटपाथ पर भी दुकान लगाते हैं बारिश आने से उन्हें अपनी दुकान हटाना पड़ती हैं या फिर सामान को बारिश की पानी से बचने के प्रबंध करना पड़ते लेकिन बात उन परिवारों की करें जिन परिवारों के यहां विवाह की आयोजन है उनके यहां मौसम की प्रतिकूलता उन्हें परेशान कर रही है शादी विवाह वाले घरों में मौसम के कारण उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है एक तो इस बार वैसे ही शादियां मे जून के महीने में नहीं है जो शादियां है उन्हें मौसम परेशान कर रहा है इस वजह से लोगों को भी मौसम का यह बदला स्वरूप नजर नहीं रास नहीं आ रहा है इस तरह का मौसम जून के महीने में जो देखा जाता था लेकिन अप्रैल के महीने में ऐसा मौसम होगा या किसी को पता नहीं था मजबूरी में लोग मौसम का सामना कर रहे हैं और अपने इंतजाम अपने स्तर पर करने में लगे इन सबके साथ ही मौसम ठंडा हो गया है।

## खबर संक्षेप

### अज्ञात बदमाश घर से नकदी व जेवर चोरी कर ले गए

**अशोकनगर।** जिले के ईसागढ थाने के अंतर्गत नागघाटी के पास निवासी राजकुमार पुत्र बादल सिंह यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि कोई अज्ञात चोर रात्रि में उसके घर में घुसकर नकदी व कीमती जेवर चोरी कर ले गए। जिसमे 50 हजार रूपए नगद चांदी की करधौनी ,पायल ,विछिया,सोने की बाली ,सोने की चैन, आगनबाडी का सरकारी मोबाइल आदि चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात चोरो के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### कुएं में डूबने से मौत

**अशोकनगर।** जिले के ईसागढ थाने के अंतर्गत ग्राम खमखेडी निवासी रितिक यादव पुत्र प्रतिपाल यादव उम्र 18 साल की श्रीराम सरपंच वाले खेत मे बने कुए के पानी मे डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

### अशोकनगर जिले में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रो मे मारपीट की घटनाओ के कई मामले दर्ज किये गए है। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत टीचर कालोनी निवासी भुवनेष शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी कृष्णपाल यादव और उसके एक अन्य साथी ने उसका रास्ता उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी तथा मोटर सायकिल तोड दी। जिले के सहराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अरौंन निवासी आषा बाई आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी मिठ्ठु आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सहराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मुडरी निवासी कुवरराज आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी महेष आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम चंदेरी निवासी अनिकेत साहू ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी कृष्णा धाकड और जंडेल सिंह ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### करीला माता मंदिर के पास से दो बाइक चोरी

**अशोकनगर।** जिले के बहादुरपुर थाने के अंतर्गत करीला माता मंदिर से दो बाइक चोरी होने के मामले सामने आए है। शिवपुरी जिले के बदरवास थाने के अंतर्गत ग्राम धुवाई टेटाई निवासी दिमान आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि करीला माता मंदिर के नीचे तिराहे पर से कोई अज्ञात चोर उसकी बाइक चोरी कर ले गया। इसी प्रकार रायसेन जिले के पटेल नगर निवासी बीरू बैरागी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि करीला माता मंदिर के नीचे झूले के पास से कोई अज्ञात चोर उसकी बाइक चोरी कर ले गया।

### मतदान केन्द्रों की व्यवस्थाओं के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित



**अशोकनगर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए गुना संसदीय क्षेत्र 04 हेतु मतदान 07 मई 2024 को होगा। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदान केन्द्रों पर मतदान दलों को बेहतर व्यवस्थाओं के संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ.नेहा जैन द्वारा शुक्रवार जनपद पंचायत सभाकक्ष ईसागढ़ में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत डॉ.नेहा जैन द्वारा मतदान केन्द्रों की तैयारी, आर्दश मतदान केन्द्र, अतिसंवेदनशील मतदान केन्द्र आदि की समीक्षा की गई। जिसमें सभी मतदान केन्द्रो पर रैम्प, पेयजल, समुचित विद्युत व्यवस्था, पेंटिंग, दीवार लेखन, कुलर, फर्नीचर व्यवस्था, शौचालय में पानी की व्यवस्था एव स्वीप गतिविधियां किए जाने के निर्देश संबंधितों को दिए गए। मतदान केन्द्रों पर मतदान शपथ, निर्वाचन आयोग का प्रतीक, संकेतक आदि चस्पा करने हेतु निर्देशित किया गया। मतदान केन्द्रों पर सिंगल यूज प्लास्टिक की जगह पर्यावरण अनुकूल वस्तुओं के उपयोग को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए।

## आपको एक नही दो सांसद मिलेंगे, केपी यादव का भी ध्यान रखा जाएगा: गृहमंत्री

# कांग्रेस देश का भला नहीं चाहती: अमित शाह






हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

भाजपा प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिधिया के समर्थन में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पिपरई कस्बे मे सबोधित करते हुए कांग्रेस पर हमले किए और कहा कि आप हमारे प्रत्याशी को जिताकर भेजिए। आपके सांसद केपी यादव ने क्षेत्र की बहुत सेवा की है। उनकी च्चिता मुझ पर छोडिएं । उन्होने कहा कि कांग्रेस देश का भला करने बाली नही है।

उन्होने कहा कि यह कांग्रेस पार्टी इनका घोषणा पत्र सुनिए ध्यान से पढिएगा उन्होंने कहा है, हम पर्सनल ला को फिर से लागू करेंगे, मुझे बताओ भाइयों बहनों, पर्सनल लॉ से इनका क्या कहना है, मुस्लिम पर्सनल लॉ लाना चाहते हैं? यह देश सरिया से चल सकता है क्या? ट्रिपल तलाक फिर से लाना है, अरे राहुल बाबा आपको तुष्टीकरण के लिए जो करना है वह कर दो, मैं बताता हूं, जब तक भारतीय जनता पार्टी है, पर्सनल लॉ को नहीं आने देंगे, उन्होने कहा कि मैं आज गुना की धरती पर कह कर जाता हूं, इस देश के संसाधनों पर सबसे पहला अधिकार गरीब, दलित, ओबीसी, आदिवासी भाइयों का है। इसको कोई झुठला नहीं सकता। यह कांग्रेस पार्टी ओबीसी विरोधी पार्टी रही है, उन्होंने कहा कि यह चुनाव देश के अर्थ तंत्र को तीसरे नंबर के अर्थतंत्र बनाने का चुनाव है, मोदी जी ने एक करोड़ लखपति दीदी देश में बनाई है और वह चुनाव तीन करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाने का चुनाव है यह चुनाव चार करोड़ नए घर गरीबों के लिए बनाने का चुनाव है। 10 करोड लोगों को सोलर पैनल लगाकर बिजली के बिल मुक्त करने का चुनाव है, 11 करोड़ किसानों को 5 साल में 3 लाख करोड़ रूपया उनके बैंक अकाउंट में सीधा पहुंचने का चुनाव है, मोदी जी ने 10 सालों में देश के करोड़ों गरीब लोगों को ढेर सारे काम किए। मगर मोदी जी ने कुछ ऐतिहासिक काम भी किया जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाकर वहां से आतंकवाद समाप्त करने का काम किया। उन्होंने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण, जिसे 70 सालों से कांग्रेस राम मंदिर मुद्दे को अटकाती, लटकाती भटकाती रही, और मोदी जी को आपने दूसरी बार प्रधानमंत्री बनाया, इन 5 सालों में केएसबी जीत भूमि पूजन भी किया और प्राण प्रतिष्ठा करके जय श्री राम किया। और यह कांग्रेस पार्टी देखिए सोनिया राहुल उनको निमंत्रण मिला लेकिन रामलला के प्राण प्रतिष्ठा में जाने की फुर्सत नहीं है। मोदी जी ने इस देश के विकास में सबसे पहले प्रायोरिटी एससी, एसटी, ओबीसी को दी है। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी श्री सिंधिया को विकास के लिए समर्पित बताते हुए कहा कि हम सब में विकास को समर्पित कोई व्यक्ति है तो गुना वालों आपका महाराज सिंधिया विकास को समर्पित है। उन्होंने कहा कि सिंधिया महाराज ने इस क्षेत्र का जतन अपने बच्चों से ज्यादा लालन-पालन के साथ किया है, केंद्र राज्य-सरकार ने 260 करोड़ के खर्चे से नेशनल हाईवे कुरवाई मुंगावली चंदेरी का निर्माण किया। 112 करोड़ गुना में नगर पालिका में आवास योजना में लगाए, 45 करोड़ एयरपोर्ट बनाने में लगाए, 83 करोड़ स्वास्थ्य केंद्रों के लिए लगाए, 560 करोड़ चंदेरी माइक्रो इरिगेशन प्रोजेक्ट में लगाए, 90 करोड़ मल्हारगढ़ माइक्रो इरिगेशन प्रोजेक्ट में लगाए, 100 करोड़ से 3000 हैक्टेयर ग्वाल टोरिया मीडियम इरिगेशन प्रोजेक्ट को भी मंजूर करने का काम किया है, 90 करोड़ से 2800 हैक्टेयर बन्हैटी मीडियम इरिगेशन प्रोजेक्ट बनाया, माधव राव सिंधिया सिंचाई योजना को 6 बार बैराज निर्माण किया 64000 मिलियन घन मीटर जल का भंडारण किया, पार्वती, कालीसिंध, चंबल लिंक परियोजना से हमेशा के लिए यहां से सूखा विदा हो जाएगा।

हमने ढेर सारी उपलब्धियां प्राप्त की हैं । मैं आज कहकर जाता हूं, कि सिंधिया पर मोदी जी का वरदहस्त है, एक बार उनके सम्मान जितनी लीड से जिताइए इस क्षेत्र को हम आगे बढ़ना चाहते हैं। विजय संकल्प बरेली को मुख्यमंत्री मोहन यादव, भाजपा प्रत्याशी श्री सिंधिया ने भी संबोधित किया। सीएम डॉ मोहन यादव ने कहा कि कृषि विकास दर की बहुत बात हो गई अब पशुपालको को बोनस की सुविधा दी जाएगी। और अमूल डेयरी की तर्ज पर किसान पशुपालको के लिए बोनस देगी। इसके लिए हमारी पूरी योजना तैयार है।



### मंदिर में चोरी की घटना करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार किया

**अशोकनगर।** सिटी कोतवाली अंतर्गत ग्राम रातीखेडा स्थित श्री राधाकृष्ण मंदिर के ताले चटकाकर दो बादमाशों ने विगत 02 मार्च 2024 की रात चोरी की घटना को अंजाम दिया था। उक्त मंदिर से आरोपी पप्पू ऊर्फ पपुआ ऊर्फ विरमाल पिता कैलाश यादव निवासी सूरेल थाना चंदेरी जिला अशोकनगर को गिरफतार किया हैं। उक्त घटना मे भोला ऊर्फ नेपाल सिंह यादव निवासी रातीखेडा में चोरी की बारदात करते हुए, भगवान राधाकृष्ण की प्रतिमाओं पर सजाएँ हुये, चांदी के आभूषण कीमत 50 हजार रूपयें चुराएँ थे । उक्त घटना की रिपोर्ट दर्ज होने के बाद सिटी कोतवाली निरीक्षक मनीष कुमार शर्मा के नैतृत्व में पुलिस टीम दवारा चोरी की घटना कारित करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर चुराएँ गये चांदी के आभूषण आरोपियों के कब्जे से बरामद किये है। उक्त निर्देशो के पालन में कोतवाली पुलिस टीम ने मामले का खुलासा करते हुऐ मंदिर की चोरी घटना की गुत्थी सुलझा ली है। सूचना मिलने पर आरोपी पप्पू ऊर्फ पपुआ यादव को शुक्रवार को गिरफतार कर उसके कब्जे से चुराए गए चांदी के आभूषण बरामद किए हैं।

## खरीदी केंद्र पर तौल में शिकायत को लेकर किसान ने विधायक को बुलाया, अधिकारी भी पहुंचे







हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

स्थानीय गोदाम नंबर 8 और 9 पर बनाए गए उपार्जन केंद्र पर एक किसान के द्वारा माल की तौल को लेकर विधायक को शिकायत की गई जिसमें कहा गया था कि अधिक मात्रा जा रहा है और बारदाना में भी हेरा फेरी की जा रही है इस शिकायत के बाद विधायक हरी बाबू राय खरीदी केंद्र पर पहुंचे किसान की शिकायत सुनी और अधिकारियों को बुलाया।

पूरे मामले की कहानी यह है कि महेंद्र रघुवंशी ने शिकायत की थी कि गोदाम नंबर 8 पर और नौ पर माल की अधिक तौल की जा रही है किसान का कहना था एक क्विंटल पर 400 ग्राम माल अधिक तौला जा रहा है इस शिकायत के बाद विधायक हरी बाबू राय खरीदी केंद्र पर पहुंचे किसान की शिकायत सुनी इस दौरान उन्होंने कृषि विभाग के उपसंचालक के एस केन को मौके पर बुलाया और किसान की शिकायत से अवगत कराया ।इसके बाद जब माल की तौल कराई जा रही थी। इस दौरान बताया गया कि काटा बंद हो गया है बैटरी फेल हो गई है। इस पर विधायक नाराजगी जताई और कहा कि किसी भी किसान का माल अधिक ना तौला जाए और बार-बार हेरा फेरी का मामला सामने आया है इस दौरान खरीदी केंद्र पर किसानों की समस्या सुनी गई। विधायक द्वारा सभी किसानों की समस्याओं को सुनाया गया और कहा गया कि कोई भी गलत कार्य किसी भी खरीदी केंद्र पर उनके विधानसभा क्षेत्र में नहीं होने दिया जाएगा।

इसे लेकर कृषि विभाग के उपसंचालक केएस केन ने बताया कि विधायक के द्वारा उन्हे अवगत कराया गया था जिसके बाद में खरीदी केंद्र 8 पर पहुंचे और किसान की समस्या को सुना यहां बारदाने मे अधिक तौल की समस्या को लेकर मामला सामने था 775 ग्राम का वारदाना होना चाहिए लेकिन 25 ग्राम ज्यादा लिया जा रहा है पोर्टल पर यही काट रहे हैं। इसी तरह का इशू सामने आया था जो भी किसान यहां माल लेकर आए थे उसे लेकर भी कहा गया है कि जितने भी किसान यहां आए हैं उन सभी किसानों के माल की तौल प्रतिदिन पूरी होनी चाहिए चाहे कितना भी समय क्यों न हो जाए उन्होंने कहा कि कई किसान अपना माल पहले तुलाने को लेकर भिडे हुए किसानों को समझाया इस दी गई और कहा गया की बारी-बारी से ही किसानों का माल तौला जा सकता है।

## शासकीय विधि महाविद्यालय में साक्षरता शिविर का आयोजन

**अशोकनगर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अशोकनगर के निर्देशानुसार शासकीय विधि महाविद्यालय अशोकनगर मे विशेष नशा मुक्ति अभियान के अन्तर्गत साक्षरताध्जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अशोकनगर की सचिव एवं जिला न्यायधीश रश्मि मिश्रा द्वारा की गई। इस कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रुप में जिला न्यायधीश उपदेश कुमार राठौड़ एवं विशिष्ट अतिथि जिला विधिक सेवा अधिकारी ब्रजेश पटेल मौजूद थे। इस अवसर पर डिप्टी एडवोकेट रफीक खान, असिस्टेंट अधिवक्ता अभिषेक यादव भी उपस्थित थे। साक्षरता शिविर का माँ सरस्वती की वंदना के साथ शुभारंभ किया गया। प्रथम वक्ता के रूप में जिला न्यायधीश उपदेश कुमार राठौड़ द्वारा युवाओं मे बढती हुई नशा खोरी की आदत पर प्रकाश डाला गया। इसके बाद जिला विधिक सेवा अधिकारी श्री ब्रजेश पटेल द्वारा नशा मुक्ति हेतु चलाई जा रही शासकीय योजनाओ को समझाया गया। इसके बाद डिप्टी अधिवक्ता रफीक खान द्वारा भी नशे के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला गया।इसी क्रम मे महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ स्वराज कुमार जैन द्वारा नशा खोरी की आदतों के कारणों एवं प्रभावों पर वक्तव्य दिया गया। इसी संदर्भ मे महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ जयदीप पाराशर द्वारा नशामुक्ति हेतु किए जा रहे प्रयासों की अपर्याप्तता पर अपना उद्बोधन दिया गया। इस कार्यक्रम में सरस्वती वंदना और अंत में राष्ट्रगान का गायन डॉ नरेंद्र नागले द्वारा किया गया। कार्यक्रम का कुशल एवं साहित्यिक संचालन महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ आर. के. मिश्रा द्वारा किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापक डॉ गरिमा राठौड़ के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ और अंत में उन्हीं के द्वारा अतिथि गण का आभार व्यक्त किया गया। इस आयोजन की व्यवस्थाओ की देखरेख डॉ खिजरा खान द्वारा की गई।

## सीईओ जिला पंचायत ने मतदान केन्द्रों की व्यवस्थाओं के संबंध में ली समीक्षा बैठक




हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए गुना संसदीय क्षेत्र 04 हेतु मतदान 07 मई 2024 को होगा। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदान केन्द्रों पर मतदान दलों को बेहतर व्यवस्थाओं के संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ.नेहा जैन द्वारा शुक्रवार जनपद पंचायत सभाकक्ष मुंगावली में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत डॉ.नेहा जैन द्वारा मतदान केन्द्रों की तैयारी, आर्दश मतदान केन्द्र, अतिसंवेदनशील मतदान केन्द्र आदि की समीक्षा की गई। जिसमें सभी मतदान केन्द्रो पर रैम्प, पेयजल, समुचित विद्युत व्यवस्था, पेंटिंग, दीवार लेखन, कुलर, फर्नीचर व्यवस्था, शौचालय में पानी की व्यवस्था एव स्वीप गतिविधियाँ किये जाने के निर्देश संबंधितों को दिये गये। मतदान केन्द्रों पर मतदान शपथ, निर्वाचन आयोग का प्रतीक, संकेतक आदि चस्पा करने हेतु निर्देशित किया गया। मतदान केन्द्रों पर सिंगल यूज प्लास्टिक की जगह पर्यावरण अनुकूल वस्तुओं के उपयोग को प्राथमिकता देने के निर्देश दिये गये । बैठक में निर्देश दिए कि मतदान दलों के आगमन पर स्वागत आंगनवाडी कार्यकर्ता, एनआरएलएम समूहों द्वारा फूलमाला, चन्दन टीका लगाकर किया जाये। मतदान भवन के प्रवेश द्वार पर सजावट एनआरएलएम समूहों द्वारा रंगीन कपड़े से की जाये तथा आज से ही मतदान दिवस तक स्वीप गतिविधियाँ निरंतर संचालित की जाये । लोकसभा निर्वाचन 2024 में नवाचार करते हुये सारथी प्रोजेक्ट प्रारंभ किया गया है। जिसमें 9वी से 12वी एवं कॉलेज के छात्र-छात्राओं को प्रत्येक मतदान केन्द्र पर वालेन्टियर नियुक्त किये गये है, जो 60 बर्ष से अधिक उम्र के एवं दिव्यांग मतदाताओं को सुलभ मतदान कराने में सहयोग प्रदान करेगें । बैठक में निर्वाचन कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही करने पर संबंधित दोषी के प्रति कठोरतम कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिए। साथ ही बैठक में अनुपस्थित सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायको को नोटिस जारी करने हेत निर्देशित किया गया है। जिनमें जीआरएस ग्राम पंचायत बीलाखेडा, सचिव ग्राम पंचायत कर्र, जीआरएस ग्राम पंचायत मलउखेडी, जीआरएस ग्राम पंचायत लप्तोरा, सचिव ग्राम पंचायत गदूली, जीआरएस ग्राम पंचायत चिरौली, जीआरएस ग्राम पंचायत पठारी, सचिव ग्राम पंचायत मूडरामुंगावली, सचिव ग्राम पंचायत बमुरिया छैवलाई एवं सचिव ग्राम पंचायत जसैया अनुपस्थित रहे। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व वरूण अवस्थी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गौरीशंकर राजपूत, परियोजना अधिकारी महिला बाल विकास विभाग, समस्त पर्यवेक्षक, बीआरसीसी मुंगावली, सहायक यंत्री एमपीबीई, उपयंत्री पीएचई, समस्त ग्राम पंचायतों के सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, उपस्थित रहें।

## व्यापारी परेशान, बीच में ही दूसरे किसान समर्थन मूल्य पर बेच रहे हैं माल

# सरसों और मसूर की नीलामी होने के बाद तौल के लिए नहीं पहुच रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

**समर्थन मूल्य पर सरसों और मसूर के दाम लगभग एक हजार अधिक है और मंडी में दाम एक हजार रुपए कम है। जिसके कारण मंडी मे माल की नीलामी कराने के बाद किसान व्यापारियो के फडो पर तौल के लिए नही पहुच रहे है। यह माल मंडी मे नीलाम होने के बाद कई किसानो के नाम पर खरीदी केन्द्रो पर बिकने पहुच रहा है। जिसके बाद कृषि उपसंचालक ने कहा कि उक्त मामले की जाच कराई जाएगी।**



अशोकनगर मे यह खेल बडे पैमाने पर चल रहा है। लेकिन न जिले मे खाघ विभाग ,न सहकारिता विभाग न ही नागरिक आपूर्ति विभाग को पता है और न ही कृषि विभाग को कोई जानकारी है। पूरा मामला इस तरह है कि अशोकनगर कृषि उपज गल्लां मंडी मे सरसो और मसूर बडे पैमाने पर आ रही है। मंडी मे सरसों के दाम 4600 से 4700 रूपए प्रति क्विंटल चल रहे है। जबकि मसूर के दाम 5600 से लेकर 5650 चल रहे हैं। उधर दूसरी ओर शासन ने समर्थन मूल्य पर मसूर और सरसों की खरीदी के दाम अलग तय किए है। कृषि उप संचालक केएस केन ने बताया कि सरसों के दाम 5650 रूपए प्रति क्विटल और मसूर के दाम 6425 रूपए प्रति क्विटल है। यानि शासकीय खरीदी मसूर की 6425 रू प्रति क्विटल हो रही है और मंडी मे 5600 रू प्रति क्विटल माल बिक रहा है। यानि 825 रूपए प्रति क्विटल का अंतर है। समर्थन मूल्य पर मसूर बेचने पर किसानो को मंडी से अधिक दाम मिल रहे है। यही स्थिति सरसों की है। मंडी मे सरसों के दाम 4700 रूपए प्रति क्विटल है और खरीदी केन्द्र पर 5650 रूपए प्रति क्विटल है। यानि उपार्जन केन्द्र पर सरसों बेचने पर 950 रूपए प्रति क्विंटल अधिक मिल रहे है। जिले मे सरसों और मसूर की खरीदी के लिए 14 केन्द्र बनाए गए हैं जिसमे अभी तक मसूर की 10200 मैट्रिक टन खरीदी हो चुकी है। जबकि सरसों की 4000 मैट्रिक टन खरीदी हो चुकी है। यानि गेहू की खरीदी से ज्यादा सरसों और मसूर की खरीदी के आंकडे उपार्जन केन्द्रो पर अधिक आ रहे है।

उधर दूसरी ओर अशोकनगर कृषि उपज गल्ला मंडी मे सरसों और मसूर लेकर भी किसान पहुच रहे है। खरीदी केन्द्रो पर वही किसान अपना माल विक्रय कर सकते है। जिन किसानो ने अपना पंजीयन कराया हो। जिन किसानो ने पंजीयन नही कराया वह किसान कृषि उपज गल्ला मंडी मे अपनी फसल बेचने आ रहे हैं। मंडी मे फसल के रूप मे सरसो और मसूर की नीलामी होने के बाद बेचा गया माल किसान व्यापारी के फड पर तौल के लिए लेकर पहुचना चाहिए। व्यापारी माल की नीलामी होने के बाद माल की तौल के लिए किसानो की ट्राली का इंतजार करते है लेकिन किसानो की ट्राली नीलामी के बाद व्यापारी के फडो तक नही पहुचती । यह ट्राली बीच मे ही गायब हो जाती हैं व्यापारी फड पर किसान की ट्राली आने का इंतजार करते रहते हैं क्योकि व्यापारी को मंडी मे खरीदे गए माल के अनुसार भुगतान के लिए बैक से राशि निकालने के प्रबंध करना पडते है। व्यापारी उसी हिसाब से मंडी मे माल खरीदते है। जिसे लेकर गल्ला व्यापारी राजेश पालीवाल ने बताया कि प्रतिदिन मंडी से लगभग 25 ट्राली माल व्यापारियो के फडो पर नही पहुच रहा है। नीलामी के बाद कुछ दलाल प्रवृत्ति के लोगो द्वारा सरसों और मसूर के दामो मे अंतर का लाभ उठाया जा रहा है और ऐसे किसान जिन्होने सरसों और मसूर के विक्रय के लिए अपने पंजीयन कराए थे। उन किसानो के नाम यह माल खरीदी केन्द्रो पर बेचा रहा है। किसानो को भ्रमित कर यह दलाल प्रवृति के लोग इसका लाभ उठा रहे है और खरीदी केन्द्रो पर यह माल पहुच रहा है। जो माल व्यापारियो के यहा पहुचना चाहिए। मसूर और सरसों के दामो मे 800 से 900 रूपए प्रति क्विटल का अंतर होने के कारण बीच मे दलाल प्रवृति के लोगो द्वारा उठाए जा रहे लाभ से जिले भर के सारे विभाग अंनजान है। यह वह विभाग हैं जिनकी जिम्मेदारी खरीदी केन्द्रो आने वाले माल के साथ दलाल प्रवृति पर अंकुश लगाने की है।

### कार्रवाई की जाएगी

यह बात सही है कि मंडी में बिकने वाले सरसों और मसूर के दाम कम हैं और खरीदी केन्द्रो पर अधिक है। जिले मे सरसों और मसूर की समर्थन मूल्य पर खरीदी भी अच्छी हुई है। अगर मंडी मे माल की नीलामी होने के बाद दलाल सक्रिय है। तो इस पर शीघ्र कार्रवाई की जाएगी और यह पता लगाया जाएगा। किस किसान ने मंडी में माल बेचा था और किस किसान के नाम खरीदी केन्द्र पर माल बेचा जा रहा हैं।

**केएस केन** कृषि उपसंचालक।

पिछले साल की तुलना में इस बार बोर्ड परिणामों में शासकीय स्कूलों में भी आया सुधार

# प्रदेश और जिले की मेरिट में आए बच्चों को कलेक्टर दीक्षित ने किया सम्मानित







हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा-राजगढ़

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा गुरुवार को कक्षा दसवीं एवं 12वीं बोर्ड के नतीजे घोषित किए गए हैं। इन नतीजों में कुछ बच्चों ने जहां प्रादेशिक मेरिट सूची में स्थान पाया है, वहीं कुछ जिले की मेरिट लिस्ट में आए हैं। कलेक्टर हर्ष दीक्षित ने शुक्रवार दोपहर प्रवीण सूचियों में आए सभी बच्चों को कलेक्ट्रेट बुलवाकर अपने हाथों से सम्मानित किया। उन्होंने बच्चों को आगामी समय में जीवन में काम आने वाली महत्त्वपूर्ण बातें भी बताई।

## सरदार पटेल ने दोहराया सतत सफलता का इतिहास

कक्षा दसवीं में कुल 26 बच्चों द्वारा प्रथम श्रेणी प्राप्त की गई तथा 12वीं में कुल 66 बच्चों ने प्रथम श्रेणी से परीक्षा उत्तीर्ण की। विद्यालय संचालन समिति अध्यक्ष सुधा देवी सिंह यादव एवं स्कूल संचालक डॉक्टर कमल आलोक प्रसाद वह विद्यालय प्राचार्य लतेश प्रसाद तथा शिक्षक शिक्षिकाओ द्वारा सभी छात्र छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा सफल विद्यार्थी के परिवार को शुभकामनाये एवं बधाई प्रेषित की।

कक्षा दसवीं की अपेक्षा शर्मा 87.6 प्रतिशत, मुस्कान यादव 86.8, तनु यादव 85, संदीप सौंधिया 84.8, कृष्ण गोविंद गौड़ 83.6, तनिषा भिलाला 83.2, निखिल शिवहरे 79.8, मुस्कान यादव पिता राजू 74.6, देवेन्द्र यादव पिता हेमराज 73.4, गिरिराज तंवर 72.2, रानू यादव 71.8, आकाश राजपूत 70.2, देवेन्द्र यादव पिता लखन 69.8, पूनम कुमावत 67.4, लव विश्वकर्मा 67, अभिषेक यादव 66.4, अमन अलोक प्रसाद -66.2, प्रशांत ओझा 65.6, अजय तंवर 65.6, विष्णु सोंधिया 65.6, अयान नागर 65.2, अरुण विश्वकर्मा 65, साधना वाल्मीकि 63.2, संदीप भिलाला 63.2, भगवान सौंधिया 63, संतोश सौंधिया 62.4 प्रतिशत रहा।

कक्षा 12वीं की तरुण साहू 88.8,. पुनित यादव 88, पृथ्वीराज शर्मा 87.8, कृष्णा यादव 87.8, दीपक यादव 86.8, प्रवीण कुमार यादव 85.4, सुहानी गोड 85.2, अली असगर सैफी 85, विधि दागी 84.4, विशेष पालीवाल 84, स्वाती यादव 83.8, सलोनी यादव 81.8, राशिका चौधरी 80.8, शिवम चौरसिया 80.4, मुकुंद अग्रवाल 79.8, नेहल सेन 79.6, अतुल कुमार जाटव 79.6, नेहल यादव 79, देवदीप शर्मा 78.21, सभ्यता शाक्यवार 78, शिवम मेहरा 78.22, ख़ुशी मालवीय 75.2, अरुण ओझा- 74.6, लक्ष्य गुप्ता 74.4, साजिद अहमद जावेद 74.2, आस्था पालीवाल 74, तानिया अटेरिया 72.8, ब्रेटली सोनी 72.8, देवशर्मा 71.2, ओम चौधरी 71, पलक यादव 71, सार्थक तिवारी 70.8, राजदीप राजपूत 70.4, यशिका राठौर 70.4, उर्मिला तंवर 70.2, हरषिकेश शर्मा 69.2, वरुण लश्करी 69, रुद्रांश पांडे 69, राधा रमन शर्मा 68, कुलदीप जाट 68, श्रीनाथ दांगी-67.4, मीत उपाध्याय 66.8, साहिल हुसैन 66.8, रंजना यादव- 66.4, मृणाल मजूमदार - 66.4 प्रतिशत, ईश्वर पवार 66, गौरव सोलंकी-65.61, प्रवीण गोस्वामी - 65.6, रवीना दांगी - 65.6, निमेष शर्मा 65, मुस्कान यादव-64.8, अमन उपाध्याय- 64.8, मनीष नागर 64.6, सत्यम गौतम - 64.4, विशाल दांगी -63.8, रोशन कुमार जोशी -63, धर्मेंद्र कुशवाह 63, मयंक साहू 62.8, सागर सौंधिया 61.4, कृष्ण सोलंकी- 61, सौम्या बर्किया 61, मुस्कान साहू 60.8, मनीष विश्वकर्मा 60.4, वैष्णवी राजपूत - 60, मयंक शिवहरे 60, विशाल सिंह सौंधिया ने 60 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

## ब्यावरा पब्लिक के विद्यार्थियों ने बढ़ाया गौरव





शहर की अग्रणी संस्था ब्यावरा पब्लिक के छात्रों ने 12वीं एवं दसवीं के बोर्ड परिणामों में उत्कृष्ठ प्रदर्शन किया। 12वीं के विज्ञान संकाय में सम्मलित 54 विद्यार्थियों में से 45 प्रथम एवं 3 द्वितीय श्रेणी में कला संकाय में 26 विद्यार्थियों में से 17 प्रथम एवं 6 द्वितीय श्रेणी में एवं कृषि विज्ञान संकाय में 30 विद्यार्थियों में से 26 प्रथम एवं 3 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण होकर संस्था को गौरवान्वित किया है। कला संकाय में तनीषा मीना ने 91.80 से प्रथम एवं रेणुका सोंधियां ने 89.80 के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। वहीं विज्ञान संकाय में गोविन्द यादव ने प्रथम स्थान 88. 40,मीनाक्षी मीना 88 प्रतिशत कि साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया एवं कृषि संकाय में धनराज सोंधियां ने 87.60 अंकों के साथ प्रथम एवं दिलराज सोंधियो ने 86.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है।

## कामर्स विषय के साथ नगर में प्रथम रही अंजलि




कुरावर। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुरावर के छात्र छात्राओं का प्रदर्शन हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बेहतर रहा। नगर के मध्यवर्गीय परिवार की अंजलि साहू पिता अशोक साहू ने कक्षा 12वीं कामर्स विषय के साथ 86.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पूरे नगर में प्रथम रही। अंजलि के माता -पिता छोटी सी जर्नल स्टोर्स की दुकान चलाते है। बेटों की इस उपलब्धी पर पूरे साहू परिवार तथा शिक्षकों द्वारा उज्जवल भविष्य की कामना की गई तथा श्रेष्ठ परिणाम प्राप्त करने पर बधाई दीं गई।




## एमटीएम के विद्यार्थियों ने भी हासिल की सफलता

नगर के एमटीएम हायर सेकेण्ड्री स्कूल के विद्यार्थियों ने भी हमेशा की तरह बोर्ड परीक्षाओं में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 92 प्रतिशत परिणाम हासिल किया है। डॉ मुकेश मारू ने इस इस सफलता का विद्यार्थियों की मेहनत बताते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

भारी पड़ सकती है लापरवाही, बिजली विभाग नहीं दे रहा ध्यान

# सड़कों पर खुले रखे दर्जनों ट्रांसफार्मर, हादसे की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



शहर में दो दर्जन से अधिक बिजली के ट्रांसफार्मर सड़क किनारे खुले में रखे हैं, जिनसे हरदम हादसे की आशंका बनी रहती है। कई बार थाने के सामने रखे ट्रांसफार्मर में आग लगने से वहां हड़कंप मच जाता है। लेकिन इसके बाद भी विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों ने ट्रांसफार्मरों को सुरक्षित स्थान पर रखने की सुध नहीं ली है।

जानकारी के अनुसार बिजली विभाग हर महीने मेंटेनेंस का कार्य चलने की बात करता है, लेकिन जमीन से सिर्फ एक फुट ऊंचे खुले ट्रांसफार्मर को सुरक्षित व व्यवस्थित नहीं किया जा रहा है। ओल्ड एबी रोड,पुरानी सब्जी मंडी, थाने के सामने सहित अन्य स्थानों पर ट्रांसफार्मर में ढक्कन तक नहीं है और बायर भी खुले हुए हैं। यहां बच्चों, रहवासियों, राहगीरों सहित जानवरों के करंट में झुलसने का खतरा बना हुआ है। वहीं कुछ स्थानों कुछ फुटपाथी दुकानदार ट्रांसफार्मर के पास ही अपनी अस्थाई दुकान लगा रहे हैं। जिससे दुकानदार और ग्राहकों की जान का खतरा बना रहता है।

## थोड़े ही आंधी तूफान में गुल हो जाती है बिजली

### मेंटेनेंस के नाम पर खानापूर्ति

लोगों का कहना है कि लगभग सभी जगह मेंटेनेंस के नाम पर खानापूर्ति होती है। थोड़ी ही आंधी तूफान में बिजली गुल हो जाती है। मेंटेनेंस के लिए घंटों तक बिजली बंद रखी जाती है। जब मौसम बिगड़ता है तो डालियां बिजली के तारों, केबल आदि पर गिरने सहित अन्य कारणों से बिजली गुल होती है।

### पेड़ों के सहारे बिजली की मोटी केबल

कई ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की काफी मोटी केबल पेड़ों के सहारे खिंची हुई है। कुछ स्थानों पर कई बड़े पेड़ तारों की ओर झुके हुए है और पेड़ों के गिरने व डालिया टूटने से तारों को क्षति पहुंच सकती है। हादसा व बिजली प्रवाह प्रभावित होने की स्थिति बनी हुई है। पूर्व में तेज हवाओं आंधी के बीच इस तरह की स्थितियां कई स्थानों पर बन भी चुकी है। कुछ दिन पहले हुई बारिश व और आंधी के चलते रात में करीब 2 घंटे लगातार बिजली गुल रही थी।

### इनका कहना है...

खुले ट्रांसफार्मरों की जानकारी मांगी गई है, जल्द ही खुले ट्रांसफार्मर को बंद किया जाएगा। रही बात बिजली की तो हवा आंधी के कारण दुर्घटना न हो इसलिए कुछ देर के लिए सप्लाई रोक दी जाती है।

**मनोज इंवाती, कनिष्ट यंत्री सारंगपुर**

## पंडित दिलीप भार्गव लोकसभा प्रभारी नियुक्त, दी बधाईयां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा व प्रदेश उपाध्यक्ष एंव प्रकोष्ठ प्रभारी जीतू जिराती की सहमति व संयोजक शिक्षक प्रकोष्ठ डॉ नितेश शर्मा की अनुशंसा पर पंडित दिलीप भार्गव ब्यावरा को लोकसभा राजगढ़ का लोकसभा प्रभारी नियुक्त किया गया। भार्गव भाजपा के कर्मठ, ईमानदार कार्यकर्ता है, इससे पूर्व भी कई पदों पर रहते हुए पार्टी के लिए समर्पित भाव से कार्य करते आए हैं। उनकी ईमानदारी, कर्मठता ओर पार्टी के प्रति समर्पण को देखते हुए भाजपा ने उन्हें राजगढ़ लोकसभा प्रभारी बनाया है। दिलीप भार्गव को लोकसभा प्रभारी बनाया जाने पर मध्यप्रदेश शासन के मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नारायण सिंह पंवार, गोतम टेटवाल, सांसद रोडमल नागर, जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर, जिलामहामंत्री पंडित अमित शर्मा प्रियंका मीना सहित लोकसभा के समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं ने बधाई शुभकामनाएं दी। इस दौरान भार्गव ने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनावों के लिए मुझे जो जिम्मेदारी दी उसे मे खरा उतरने की कोशिश करूंगा।

हजारों की संख्या में सभा स्थल पर अमित शाह को सुनने पहुंचे लोग

# आशिक का जनाजा है जरा धूमधाम से निकलवाएं : शाह




हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार दोपहर 1 बजे के लगभग हेलीकॉप्टर द्वारा खिलचीपुर पहुंचकर भाजपा प्रत्याशी के नेतृत्व में स्टेडियम प्रांगण में सभा को संबोधित किया। केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने अपने भाषण में पूर्व मुख्यमंत्री तथा वर्तमान कांग्रेस सांसद प्रत्याशी व राहुल गांधी पर निशाना साधा। उन्होंने दिग्विजय सिंह को लेकर कहा कि दिग्विजय सिंह बड़े आदमी हैं, इन्हें इनकी शान के अनुसार बहुत बड़ी लीड से हराइये। आगे बोले की याद रखिएगा आशिक का जनाजा है जरा धूमधाम से निकले। राहुल गांधी पर टिप्पणी करते हुए कहा रामलला टेंट से निकलकर मंदिर में पधारे, कांग्रेस के शहजादे राहुल गांधी को निमंत्रण भिजवाया वे नहीं गए और दिग्गी भी नहीं गये वो कांग्रेस के वोट बैंक से डरते हैं।

### सभा प्रांगण में कार्यक्रम के पहले तेज हवा से उड़े तंबू

शुक्रवार सुबह से ही मौसम खराब होने के कारण तेज हवा और कहीं तेज बारिश तो कहीं बूंदाबांदी हो रही थी, जिसके चलते कार्यक्रम प्रारंभ होने के पहले ही तंबू तेज हवा के कारण उड़ गए। जिन्हें व्यवस्थापकों ने पुनः सुधार कर व्यवस्था बनाई।

### मौसम खराब होने के बावजूद शाह को सुनने लोगों की उमड़ी भीड़

सुबह से ही मौसम खराब होने के बावजूद भी भाजपा कार्यकर्ताओं के हौसले बुलंद रहे और बड़े जोर-शोर से व्यवस्था को बनाने में लग रहे। वहीं पुलिस प्रशासन ने व्यवस्था को टाइट सिक्योरिटी कर संभाला। जिले भर की पुलिस सुरक्षा व्यवस्था में लगी रही।

नगरवासियों ने नपाध्यक्ष से रखी मांग

# नालियों के मच्छरों को मारने अर्से से नहीं चली फॉगिंग मशीन

**राजगढ़**। दो दिवस पूर्व 25 अप्रैल को ही जिले भर में विश्व मलेरिया दिवस पर अनेकों जागरुकता गतिधियां आयोजित कर मच्छरों से जुड़ी बीमारियों एवं निदान आदि के बारे में बताया गया है। इधर राजगढ़ शहर के विभिन्न वार्डों की नालियों में महीनों से फॉगिंग मशीन से स्प्रे का छिड़काव नहीं करवाया गया है। ऐसे में मच्छरों की समस्या से रहवासी परेशान हैं। नागरिकों ने नगर पालिका अध्यक्ष विनोद साहू से मांग रखी है कि ज्यादा मच्छरों की समस्या वार्डों में प्रमुखता के साथ मच्छरों को मारने का स्प्रे चलवाया जाए ताकि लोग मलेरिया, डेंगू आदि बीमारियों से बच सके।


### इधर, मलेरिया दिवस पर हुआ संकल्प कार्यक्रम

विश्व मलेलिया दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा मलेरिया के खिलाफ लड़ाई तेज करते हुए उसके उन्मूलन के लिए सामुहिक स्वच्छता को अपनाते हुए मच्छर एवं इससे होने वाली बीमारियों को समाप्त किया जा सके। जिला मलेरिया अधिकारी डीपी पटेल ने बताया कि मलेरिया राकने के लिए पूरे सप्ताह कार्यक्रम होंगे। इस दौरान मैदानी अमले द्वारा दीवार लेखन, समूह बैठक, एसएमएस एवं विभिन्न शासकीय संस्थाओं जैसे महिला बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, जिला पंचायत आदि के साथ संयुक्त प्रयास किए जाएंगे।

खोयरी रोड राजगढ़ के एसी वाले हनुमान मंदिर में हो रहा है निर्माण कार्य

# एसी वाले महाकाल मंदिर निर्माण के लिए हजारों भक्तों ने किया दान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



खोयरी रोड पर एसी वाले हनुमान के नाम से प्रसिद्ध मंदिर समिति ने भगवान को एसी में रखने का जो जिम्मा उठाया था वह तो पूरा कर दिया। अब मंदिर प्रबंधन समिति एक कदम आगे बढ़ाते हुए इसी मंदिर प्रांगण में एसी वाले महाकाल मंदिर का निर्माण करा रही है। जिसके लिए भक्तों से खुले मन से दान की अपील की गई थी। समीति का कहना है कि नवरात्री से लेकर हनुमान जयंती तक हजारों भक्तों ने एसी मंदिर के निर्माण के लिए खुले मन से दान किया है और आगे भी भक्त अपना सहयोग इसी तरह बनाए रखें। उल्लेखनीय है कि समिति ने मात्र 11 रूप्ए की राशि दान स्वरूप भेंट करने की अपील की थी जिसको महाकाल के भक्तों ने खूब सराहा है।

खर्चीले विवाह से दूर रहकर सामूहिक विवाह सम्मेलन में बेटे बेटियों के विवाह पर जोर दिया

# गुर्जर समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन में 49 जोड़े एक दूजे के हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ माचलपुर



माचलपुर नगर में क्षत्रिय गुर्जर समाज का 12वां सामूहिक विवाह सम्मेलन 25 अप्रैल को पोलखेड़ा रोड़ के पास आयोजित किया गया, जिसमें समाज के 49 जोड़े एक दूजे के हो गए। मंच पर गुर्जर समाज के इष्ट भगवान देवनारायण की पूजा अर्चना एवं आरती के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। आयोजन में समाज के अनेक वरिष्ठ समाजसेवियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा सामाजिक एकता एवं खर्चीले विवाह से दूर रहकर सामूहिक विवाह सम्मेलन में अपने बेटे बेटियों के विवाह करने पर जोर दिया गया। वहीं अन्य सामाजिक कुरीतियां को छोड़ने पर अपने अपने विचार व्यक्त किए गए।

सम्मेलन में विद्वान पंडितो द्वारा वैदिक रीति रिवाज के अनुसार मंत्रोच्चार के साथ वर वधुओं के पाणिग्रहण संस्कार संपन्न कराए गए। आयोजन में राज्यसभा सांसद बंसीलाल गुर्जर, भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर, राजगढ़ जिला पंचायत के कृषि समिति अध्यक्ष यशवंत सिंह गुर्जर, पूर्व मंडी अध्यक्ष फूलसिंह गुर्जर,पूर्व मंडी अध्यक्ष हरीसिंह चाड,पूर्व मंडी उपाध्यक्ष नगर पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि पटेल बलवंतसिंह गुर्जर, गौशाला उपाध्यक्ष पटेल मदनसिंह गुर्जर, दिलीप सिंह चाड़ सहित सांसद रोडमल नागर,पूर्व ऊर्जा मंत्री प्रियव्रत सिंह, सम्मेलन समिति अध्यक्ष देवसिंह गुर्जर, नवयुवक समिति अध्यक्ष मानसिंह गुर्जर, ज्ञानसिंह अध्यापक, बालूसिंह पंचायत सचीव, सुरेंद्रसिंह चाड, लालसिंह पंचायत सचीव लाल सिंह, पोसवाल आदि द्वारा नव दंपतियों को आशीर्वाद दिया गया। सम्मेलन में अन्य समाज के समाजसेवी लोगों द्वारा भी तन मन से सहयोग किया गया।

# पाटीदार समाज का 38 वां सामूहिक विवाह सम्मेलन




**सारंगपुर**। पाटीदार समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति द्वारा सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न हुआ। पाटीदार समाज द्वारा 38 वां विवाह सम्मेलन में 15 जोड़ का अकोदिया रोड उप जैल के सामने स्टेडियम ग्राउंड में आयोजित किया गया। जिसमें वर वधू का एवं समाज जन बरात का समिति द्वारा फूलो से स्वागत किया गया। सम्मेलन में मां उमिया माता की पुजा अर्चना सामुहिक विवाह सम्मेलन समिति अध्यक्ष मौहनलाल रावत एंव समाज कै वरिष्ठ जन द्वारा की गई सामुहिक विवाह सम्मेलन में वैदिक पद्धति से संस्कार पंडित सुनील कुमार शर्मा द्वारा संस्कार करवाया गया समिती द्वारा वधु को मां उमिया की चुनरी उड़ाई गई तथा मंगल सूत्र आभूषण दिया गया। इस अवसर पर पाटीदार समाज सारंगपुर की मातृ शक्तियों द्वारा नाश्ता एंव भोजन की व्यवस्था में सहयोग किया गया। आयोजन के दौरान स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री गौतम टैटवाल,नपा अध्यक्ष पंकज पालीवाल, नपा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि निलैश वर्मा सहित समाज के वरिष्ठ जन मातृशक्ति पाटीदार समाज के आसपास के सभी पाटीदार समाज जन पाटीदार समाज युवा संगठन के साथी गण के सहयोग से आयोजन सफल हुआ। समिति द्वारा समाज जन एंव सभी का आभार व्यक्त किया गया।

स्वास्थ्य जागरुकता व समाजसेवा के क्षेत्र में किए गए राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय प्रतिष्ठा के शोध कार्यों के आधार पर मिला सम्मान

# अरुण सक्सेना को मानद डॉक्टरेट की उपाधी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

वरिष्ठ समाजशास्त्री अरुण सक्सेना को उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यो, हिंदी पत्रकारिता, स्वास्थ्य जागरूकता एवं समाजसेवा के क्षेत्र में किए गए राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रतिष्ठा के आधार पर किए गए शोध कार्यों, सामाजिक कार्यों के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय हिंदी विद्यापीठ उत्तरप्रदेश द्वारा मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में 24 अप्रैल 2024 को मानद डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई।

पत्रकार अरुण सक्सेना को यह सम्मान विद्यापीठ की प्रबन्ध कार्यकारिणी की अनुशंसा पर प्रदान किया गया। गौरतलब है कि सक्सेना ने इसके पूर्व एमफिल हेतु अपने शोध प्रबंध विषय- अनुसूचित जाति कन्या शिक्षा के प्रति उनके अविभावको का दृष्टिकोण विषय पर अपना लघुशोध प्रबंध प्रस्तुत किया था, जिसे सामाजिक न्याय ओर अधिकारिता मंत्रलाय भारत सरकार द्वारा वित्तपोषित किया गया था। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, देवेंद्र कुमार जैन, सेवानिवृत्त न्यायधीश मप्र शासन। अध्यक्षता विद्यापीठ के कुलपति डॉ इंदुभूषण मिश्रा, मुख्य वक्ता प्रसिद्ध कथावाचक सुश्री दीपा मिश्र, विशिष्ट अतिथि डॉ विश्वनाथ पाणिग्रही एवं डॉ किरण बोंगले राष्ट्रीय संयोजक सहित विभिन्न क्षेत्रों में उपाधि लेने वाले 60 प्रतिभागी मौजूद रहे।